(ख) यह मानदंड मूल डिवीजन तथा प्रस्तावित डिवीजन के मंडल अधीक्षकों के कार्यभार पर आधारित है। इसकी गणना मंडल अधीक्षक द्वारा किये जाने वाले विभिन्न भीतरी और बाहरी कार्यों के लिए कर्मचारी निरीक्षण दल (एस०आई०यू०) द्वारा निर्धारित किये गये गुणांक (कोएफिसिएंट) के आधार पर की जाती है। पिछड़े और पहाड़ी इलाकों के मामले में कभी-कभी इन मानदंडों में ढील दे दी जाती है।

**दिल्ली के अस्पतालों में बहिरंग रोगी**

5862. **श्री गंगा भक्त सिंह :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार को पता है कि दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों में डाक्टरों से मिलने के लिए बहिरंग रोगियों का सारा दिन लग जाता है,

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है, और

(ग) क्या विभिन्न अस्पतालों में डाक्टरों और अन्य कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या में उपलब्ध करने के लिए सरकार ने कोई कार्यक्रम बनाया है और यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

**स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगदम्बी प्रसाद यादव):** (क) जी, नहीं। दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों के बहिरंग विभागों में रोगियों का समय साधारणतया 2—3 घंटे से अधिक नहीं लगता है।

(ख) यह प्रश्न नहीं उठता।

(ग) दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों में नियुक्त कर्मचारी पर्याप्त हैं। तथापि, समय-समय पर मानक प्रतिमानों के आधार पर कर्मचारियों की संख्या की समीक्षा की जाती है और जहां कहीं आवश्यक समझा जाता है वहां अस्पताल की आवश्यकताओं के अनुसार अतिरिक्त कर्मचारी मंजूर किये जाते है।

**घाटशिला (बिहार) के समीप तांबा संयंत्र**

5863. **श्री रूद्र प्रसाद सारंगी :** क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या बिहार के सिंहभूम जिले में घाटशिला के समीप केन्द्रीय सरकार का एक तांबा संयंत्र है

(ख) देश के अन्य किन किन स्थानों पर केन्द्रीय सरकार के तांबा संयंत्र है,

(ग) क्या घाटशिला संयंत्र के लिए कच्चा माल स्थानीय खानों से सप्लाई किया जाता है और

(घ) 1 मार्च 1978 तक घाटशिला संयंत्र को कितनी हानि हुई है और उसके क्या कारण है ?

**इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री करिया मुण्डा)** जी हां। भारत सरकार के प्रतिष्ठान हिन्दुस्तान कापर लिमिटेड, का बिहार के सिंहभूम जिले में घाटशिला के पास तांबा सान्द्रक और एक तांबा प्रद्रावक है।

(ख) हिन्दुस्तान कापर लिमिटेड का राजस्थान के झुंझुनू जिले में खेतड़ी में एक तांबा सान्द्रक और एक तांबा प्रद्रावक तथा अलवर जिले में दरीबा में एक तांबा सान्द्रक है।